समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# ‘राजा शिवाजी’ मे रितेश देशमुख निभाएंगे छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका, संजय दत्त सहित कई बड़े सितारे करेगें अभिनय।

Publisher

Published on 21 May 2025




## रितेश देशमुख की ‘राजा शिवाजी’ मे संजय दत्त का मराठी डेब्यू

**मुंबई** : मराठी सिनेमा के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। **अभिनेता व निर्देशक रितेश देशमुख** की आगामी ऐतिहासिक फिल्म ‘**राजा शिवाजी**’ का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में **रितेश देशमुख स्वयं छत्रपति शिवाजी महाराज** की भूमिका निभा रहे हैं।

इस फिल्म की खास बात यह है कि यह पहली बार होगा जब दिग्गज **अभिनेता संजय दत्त** किसी **मराठी फिल्म** में नजर आएंगे। उनके साथ **अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी, अमोल गुप्ते** और **जेनेलिया देशमुख** भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखेंगे।

### ‘राजा शिवाजी’ की रिलीज डेट और भाषाएं

रितेश देशमुख ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी है कि यह फिल्म **1 मई 2026** को **महाराष्ट्र दिवस** के दिन विश्वभर में रिलीज की जाएगी। मूल रूप से यह फिल्म **मराठी भाषा** में बनी है, लेकिन इसे **हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़** और **मलयालम** सहित कई भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा।

### ऐतिहासिक विरासत पर आधुनिक प्रस्तुति

‘**राजा शिवाजी**‘ फिल्म **छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, उनके संघर्ष और स्वराज की स्थापना की गौरवगाथा** को आधुनिक तकनीक और विशाल कलाकारों की टोली के साथ पेश करेगी। **फिल्म का निर्देशन स्वयं रितेश देशमुख** कर रहे हैं,

जिससे यह फिल्म उनके करियर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बन गई है।

**मल्टी-स्टारर फिल्म, ऐतिहासिक भूमिकाओं का खुलासा जल्द**

हालांकि फिल्म में शामिल कलाकारों की घोषणा हो चुकी है, लेकिन यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि कौन किस ऐतिहासिक किरदार में नजर आएगा। फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्सुकता देखी जा रही है। माना जा रहा है कि यह फिल्म न केवल महाराष्ट्र, बल्कि पूरे भारत में ऐतिहासिक फिल्मों की एक नई लहर पैदा करेगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.